Synergy

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

नवंबर– दिसंबर, 2010

दिवाली, ईद, क्रिसमस और नए साल पर बीएसईएस की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री ने किया बीआरपीएल नागरिक अधिकार पत्र का लोकार्पण

दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित ने पिछली 16 सितंबर को बीआरपीएल के नागरिक अधिकार पत्र का लोकार्पण किया। दिल्ली सचिवालय में आयोजित एक सादे समारोह में इसका लोकार्पण किया गया। हमारा मानना है कि हमारे उपभोक्ताओं को, यानी आपको सशक्त होना चाहिए, और यही वजह है कि नागरिक अधिकार पत्र में इस बात का प्रमुखता से उल्लेख किया गया है कि बिजली उपभोक्ता के तौर पर आपके क्या अधिकार हैं। सुरक्षा, चॉइस, समस्या समाधान, शिक्षा, सूचना, गुणवत्तायुक्त सेवा और स्तरीयकृत सेवा आदि मसलों पर आपके क्या अधिकार हैं, इस पर रोशनी डाली गई है। बीआरपीएल नागरिक अधिकार पत्र में उन बातों का भी उल्लेख किया गया है, जिनके प्रति हम प्रतिबद्ध हैं। साथ ही आपको उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों को भी रेखांकित किया गया है।

नागरिक अधिकार पत्र में यह भी दिखाया गया है कि किसी भी सेवा के लिए डीईआरसी द्वारा निर्धारित समयसीमा क्या है, और बीआरपीएल ने खुद के लिए कितनी कम समयसीमा तय कर रखी है। इन बिंदुओं का भी जिक्र है– बीएसईएस अधिकारियों के महत्वपूर्ण फोन नंबर्स, तकनीकी व व्यावसायिक घाटे में कमी (2002 में 53 प्रतिशत, अब 19 प्रतिशत), उपभोक्ताओं के लिए लॉन्च की गई नई सेवाएं, सुरक्षा के टिप्स, ईएलसीबी का महत्व, ठगों से सावधान आदि।

यदि आप नागरिक अधिकार पत्र की कॉपी चाहते हैं, तो अपने कस्टमर केयर ऑफिसर यानी सीसीओ से संपर्क करें या फिर www.bsesdelhi.com पर लॉगऑन करें।

हम पहुंचेंगे आपके द्वार, ताकि आपको न हो परेशानी

नया कनेक्शन लेना हो, या लोड बढ़वाना/ घटाना हो, नाम बदलवाना हो, पते में कुछ बदलाव करवाना हो, या फिर कनेक्शन की श्रेणी बदलवानी हो, आपको इन कामों के लिए बीआरपीएल ऑफिसों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। आप घर बैठे अपने ये काम करवा सकते हैं। बस हमारी हेल्पलाइन 399–99–707 पर फोन करें, या www.bsesdelhi.com पर लॉगऑन करें और बीआरपीएल डोर स्टेप सर्विस के लिए खुद को रजिस्टर कराएं। आपका अनुरोध मिलते ही, तय किए गए समय पर हमारा प्रतिनिधि आपके घर पहुंचेगा और जरूरी व्यावसायिक कागजात पूरी करने (आवेदन पत्र, एफिडेविट, इंडेम्निटी बॉन्ड आदि भरवाने) में आपकी मदद करेगा। उसके बाद वह आपसे ये कागजात कलेक्ट कर लेगा और तय समय के भीतर आपका काम पूरा कर दिया जाएगा।

बीआरपीएल और आईआईटी कानपुर का समझौता

आईआईटी कानपुर और बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड के बीच एक समझौता हुआ है। गंभीर तकनीकी मुद्दों को सुलझाने में देश का यह उच्च तकनीकी शिक्षण संस्थान बीआरपीएल की मदद करेगा। इस नई पहल से जहां एक ओर बीआरपीएल इंजीनियर्स अपने काम में नए जमाने की तकनीक व ज्ञान का बेहतर इस्तेमाल कर पाएंगे, वहीं दूसरी ओर तकनीकी समस्याओं का समाधान भी तेजी से होगा। समझौते के तहत बिजली व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में काम किया जाएगा, और नई रिसर्च पर फोकस होगा। आईआईटी कानपुर बीआरपीएल इंजीनियर्स को प्रशिक्षण भी देगा।

किसी बिजली वितरण कंपनी और तकनीकी संस्थान के बीच हुआ संभवतः यह अपनी तरह का अनोखा समझौता है, जिसका दायरा इतना बड़ा है। शुरूआती चरण में, यह समझौता अगले तीन साल के लिए किया गया है। दोनों संस्थानों द्वारा की जाने वाली रिसर्च का फायदा न सिर्फ बीआरपीएल उपभोक्ताओं को, बल्कि पूरे बिजली सेक्टर को होगा।

दक्षिणी दिल्ली को मिला पहला चार्जपोर्ट

पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए, बीआरपीएल ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जपोर्ट लगाने शुरू कर दिए हैं। दक्षिणी व पश्चिमी दिल्ली में विभिन्न जगहों पर ये चार्जपोर्ट लगाए जाएंगे।

9 सितंबर को, विधायक और दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती बरखा सिंह ने बीआरपीएल के आरके पुरम ऑफिस में, कंपनी के पहले चार्जपोर्ट का उद्घाटन किया। इसी तरह का दूसरा चार्जपोर्ट लोदी कॉलोनी में लगाया गया है। विधायक श्री नीरज बसोया ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के पास बनाए गए इस चार्ज पोर्ट का उद्घाटन किया।

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

डोर स्टेप सर्विस चाहिए ?
कॉल करें 399–99–707
या www.bsesdelhi.com देखें